during the mid-term poll; if so, the reasons why the work has not been started; and

(c) what will be the total cost of the bridge and the amount to be shared by the Rajasthan Government?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI HANUMANTHAIYA): (a) No work has been sanctioned by the Railway.

(b) It is understood that a foundation stone has been laid by the State Government on 21-6-71 only.

(c) The probable expenditure and share of cost to be borne by the State Government would be known only after the details of the scheme are finalised.

पश्चिम रेलवे में अजमेर और विजयनगर के बीच शटल गाड़ी

4659. **श्री हेमेन्द्र सिंह बनेरा**: क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या पश्चिम रेलवे में अजमेर और विजयनगर के बीच शटल गाड़ी चलती है,

(ख) यदि हां, तो अजमेर और भीलवाड़ा के बीच उक्त गाड़ी चलाने की कोई योजना विचाराधीन है, और

(ग) यदि हां, तो उक्त योजना कब तक लागू की जायेगी?

रेल मंत्री (श्री हनुमंतैया): (क) जी, नहीं।

(ख) जी, नहीं। न तो यातायात के वर्तमान स्तर को देखते हुए गाड़ी को भीलवाड़ा तक बढ़ाने का औचित्य है और न ही परिचालनिक दृष्टि से ऐसा करना व्यावहारिक है।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

चित्तौड़गढ़ और कोटा के बीच रेलवे लाइन

4660. **श्री हेमेन्द्र सिंह बनेरा**: क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या चित्तौड़गढ़ और कोटा के बीच रेलवे लाइन बिछाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;

(ख) यदि हां, तो इस कार्य के कब से शुरू होने की सम्भावना है, और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है?

रेल मंत्री (श्री हनुमंतैया): (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) इस लाइन के निर्माण के लिए अभी हाल ही में किये गये यातायात सर्वेक्षण से मालूम हुआ है कि इस लाइन को बनाने का तत्काल औचित्य नहीं है।

भीलवाड़ा में मेजा बांध के लिए 'बनास फीडर' के कार्य में प्रगति

4661. **श्री हेमेन्द्र सिंह बनेरा**: क्या सिंचाई और विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या भीलवाड़ा में मेजा बांध के लिए 'बनास फीडर' का कार्य प्रगति पर है,

(ख) यदि हां, तो इस उद्देश्य के लिए कितनी धनराशि निश्चित की गई है, कितनी धनराशि केन्द्र सरकार द्वारा अब तक दे दी गई है और कितनी देने का विचार है, और

(ग) इस 'फीडर' पर चल रहा कार्य कब तक पूरा हो जाने की सम्भावना है?

सिंचाई और विद्युत मंत्रालय में उपमंत्री (श्री बैजनाथ कुरील): (क) से (ग). भीलवाड़ा जिले में बनास नदी के ऊपर बनास बांध के लिए मेजा फीडर पर कार्य, जिसकी अनुमानित लागत लगभग 166 लाख रुपये है, 1970-71 में आरम्भ किया गया था और इसके चतुर्थ योजना के दौरान पूर्ण हो जाने की सम्भावना है। चतुर्थ योजना के दौरान स्कीम के लिए पूर्ण प्रावधान किया गया है।